लापरवाही | वर्षों पुराने पुलों पर रोज़ बढ़ता यातायात का दबाव

# जर्जर होते पुराने ब्रिज, बरसात के पहले मेंटेनेंस पर ध्यान नहीं

**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर शहर के कई प्रमुख ब्रिज सदियों पुराने हो चुके हैं, जिन पर लगातार बढ़ते यातायात का दबाव साफ दिखाई देने लगा है। बात करें अगर शहर के शास्त्री ब्रिज तो ये लगभग 66 वर्ष पुराना बताया जाता है, जबकि कछपुरा ब्रिज को बने भी 25 साल से अधिक समय हो चुका है। रोजाना हजारों वाहन इन पुलों से गुजरते हैं, जिससे लोगों को कई बार जाम और असुविधा का सामना करना पड़ता है। वही मानसून से पहले इन जर्जर और क्षतिग्रस्त होते पुलों का मेंटेनेंस न होना भी एक गंभीर समस्या है। मालूम हो कि नगर प्रशासन द्वारा मानसून से पूर्व पुलों की जांच और मरम्मत के दावे तो किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर लापरवाही के कारण कई पुलों की हालत हादसों को दावत दे रही है।वहीं शोभापुर ओवरब्रिज वर्ष 2016 के आसपास बनकर तैयार हुआ था, लेकिन यहां भी लोगों को कई प्रकार की परेशानियां झेलनी पड़ती हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है



कि ट्रैफिक व्यवस्था और रखरखाव की कमी के कारण कई बार आवागमन प्रभावित होता है। बारिश के मौसम में स्थिति और अधिक चुनौतीपूर्ण हो जाती है।

### दो करोड़ की राशि से होगा सेतु के सौंदर्यीकरण का कार्य

पुराने जर्जर होते ब्रिजों के बेस को फिलहाल छोड़ कर ऊपरी सतह पर सौंदर्यीकरण का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने नवभारत को जानकारी देते हुए बताया कि कछपुरा ब्रिज और शास्त्री ब्रिज का सौंदर्यीकरण लगभग 2 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। लेकिन बता दे कि अगर बरसात के पहले इन ब्रिजों के बेस का मेंटनेंस नहीं किया गया तो इस सीजन में लोगों की जान पर भारी पड़ सकता है। बता दे कि जर्जर पुल-पुलियों के तेज बारिश में टूटने व दरकने का अंदेशा रहता इनमें रैलिंग और दूसरी वस्तुओं के भी टूटने का अंदेशा बना रहता है। तक नहीं है, इससे हादसा हो सकता है।

### मेंटनेंस के बाद भी हालत खराब

सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार शास्त्री ब्रिज पुल का मेंटेनेंस कुछ महीनों पहले कराया गया था। लेकिन अब पुल पर प्लास्टर गिरने की भी खबर आ चुकी है। जिसने पूरे निर्माण कार्य की गुणवत्ता की पोल खोल दी है। से ज्यादा बन गए हैं।

### छह महीने में बदलेगी पुलों की तस्वीर

महापौर के अनुसार इस कार्य को पूरा होने में लगभग छह महीने का समय लगेगा। पुलों को आधुनिक और आकर्षक स्वरूप देने के साथ-साथ लाइटिंग एवं अन्य सुविधाओं पर भी काम किया जाएगा, ताकि शहर की पहचान और बेहतर बन सके। हालांकि लोगों का कहना है कि सौंदर्यीकरण के साथ पुलों की मजबूती और यातायात व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान देना जरूरी है।



लगभग दो करोड़ रूपये की लागत से शहर के शास्त्री पुल और कछपुरा जैसे ब्रिजों का सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाना है।

**जगत बहादुर सिंह (अन्नू), महापौर**

### हमारे पास कोई रिकॉर्ड नहीं


नवभारत टीम ने नगर निगम के अधिकारी कमलेश श्रीवास्तव से निर्माण अवधि और अन्य जानकारियां लेने की कोशिश की गई तो उन्होंने साफ तौर पर जानकारी देने से इनकार कर दिया। उनका कहना था कि हमें इसकी जानकारी नहीं है और हमारे पास इससे जुड़ा कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है।

### इनका कहना है



मेरा यहाँ बचपन बीता है इस कचपुरा ब्रिज के पहले तलाव हुआ करता था जिसमे मैं और मेरे दोस्त नहाया करते थे।

**धीरेंद्र केशरवानी**



साश्त्री ब्रिज आज भी ज़बलपुर की यातायात व्यवस्था की एक अहम कड़ी बना हुआ है।

**हनी गुप्ता**



# ई-रिक्शा से विश्वविद्यालय पहुंचे कुलसचिव डॉ. सोनवाल

**ईंधन संरक्षण के लिए इलेक्ट्रिक वाहन के उपयोग को बढ़ावा देने का दिया संदेश**

**नवभारत,जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने और ईंधन संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए, भारत सरकार और संबंधित प्राधिकरणों द्वारा विशेष दिशा-निर्देशों का पालन किया जाए। ईंधन की खपत कम हो। इसके लिए अधिकारी, शिक्षक एवं छात्र आपसी समन्वय से वाहन साझा करने की पद्धति अपनाएं एवं विश्वविद्यालय परिसर के भीतर आगमन के लिए ई-रिक्शा, इलेक्ट्रिक साइकिल/पैडल साइकिल के उपभोग को प्राथमिकता दी जाए। ये आव्हान कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा की ओर से की गई है। शनिवार को कुलसचिव डॉ. रविशंकर सोनवाल ई-रिक्शा के माध्यम से विश्वविद्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बताया कि राज्यपाल सचिवालय की ओर से जारी पत्र के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय परिसर में परिवहन से होने वाली ईंधन खपत को कम करने के लिए आवश्यक कदम उठाये जायेंगे। उन्होंने विश्व भर में ऊर्जा सुरक्षा के दृष्टिगत ईंधन के युक्तियुक्त उपयोग को प्राथमिकता दिये जाने हेतु विश्वविद्यालय के सभी संकाय सदस्यों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों से अपील की है कि यथा सम्भव सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें। अधिकारिक बैठकों और कार्यों के लिए यथा सम्भव वीडियों कान्फ्रेंसिंग का उपयोग किया जावे एवं जारी निर्देशों का पालन किया जाए।

# आधुनिक खेती और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पहल

**कटंगा के विंध्य भवन में संपन्न हुई जिला स्तरीय कार्यशाला**

**नवभारत,जबलपुर।** देश में कृषि बुनियादी ढांचे को आधुनिक और मजबूत बनाने के उद्देश्य से संचालित कृषि अवसंरचना निधि (एआईएफ) योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जबलपुर में एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यशाला कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री राघवेंद्र सिंह के निर्देशन में कटंगा स्थित विंध्य भवन (टी.वी. टावर के पास) में आयोजित की




गई। कार्यशाला के दौरान विषय-विशेषज्ञों ने उपस्थित कृषकों, व्यापारियों और उद्यमियों को योजना की बारीकियों से अवगत कराया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्त संचालक कृषि के. एस. नेताम, मंडी बोर्ड जबलपुर के संयुक्त संचालक मोहम्मद शाहिद खान, कृषि इंजीनियरिंग जबलपुर के वीर सिंह मस्कोले, भोपाल से आए एआईएफ के प्रवक्ता गोविंद शर्मा एवं डॉ. निरंजन ने मंच से महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। विशेषज्ञों ने विस्तार से बताया कि कृषि अवसंरचना निधि (एआईएफ) योजना का मुख्य उद्देश्य देश में फसल कटाई के बाद के प्रबंधन (पोस्ट-हार्वेस्ट मैनेजमेंट) को सुधारना, कम्युनिटी फार्मिंग एसेट्स का निर्माण करना और कृषि क्षेत्र को आधुनिक वित्तीय सहायता प्रदान करना है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो सके। कार्यशाला में विभागीय अधिकारी-कर्मचारी, प्रगतिशील किसान, व्यापारी व उद्यमी शामिल हुए।इस कार्यशाला को सफल बनाने में कृषि उपज मंडी सचिव आर. के. सैय्याम सहित किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, उद्यान विभाग, एवं उद्योग विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# नौकरानी के साथ बर्बरता, बाल पकड़कर घसीटा-पीटा

**जबलपुर।** आधारताल थाना क्षेत्र से इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली एक बेहद खौफनाक और सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहाँ एक रसूखदार मालकिन द्वारा अपनी ही घरेलू नौकरानी के साथ बर्बरतापूर्वक और बेरहमी से मारपीट करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल हो रहे इस सीसीटीवी फुटेज ने हर किसी के रोंगटे खड़े कर दिए हैं। वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि किस तरह आरोपी मालकिन क्रूरता की सारी हदें पार करते हुए अपनी नौकरानी को बेरहमी से पीट रही है



और उसके बाल पकड़कर सड़क पर घसटती हुई नजर आ रही है। इस घटना के सामने आने के बाद शुक्रवार की रात को पीड़ित महिला के आक्रोशित परिजनों ने आधारताल थाने पहुंचकर जमकर हंगामा किया और आरोपी महिला के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की। यह पूरी दिल दहला देने वाली घटना जबलपुर जिला अंतर्गत आधारताल थाना क्षेत्र की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली अंजू पांडे नाम की महिला पर अपनी घरेलू नौकरानी पूनम बर्मन के साथ न केवल अमानवीय व्यवहार और जानलेवा मारपीट करने, बल्कि उसके साथ लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने का भी गंभीर आरोप लगा है। शुक्रवार की रात लगभग 8:00 बजे पीड़ित महिला के परिजन और भारी संख्या में लोग आधारताल थाने पहुंचे, जहाँ उन्होंने पुलिस अधिकारियों के सामने मालकिन की करतूतों का कच्चा चिट्ठा खोला। परिजनों ने आरोप लगाया कि आरोपी मालकिन अंजू पांडे ने पीड़ित नौकरानी पूनम बर्मन को बंधक जैसी स्थिति में रखा था और उसके साथ आए दिन मारपीट की जाती थी। परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों के मुताबिक, इस मामले में मारपीट के साथ-साथ एक बेहद गंभीर और शातिर वित्तीय अपराध भी शामिल है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि आरोपी मालकिन अंजू पांडे की नजर नौकरानी पूनम बर्मन की जमा पूंजी पर थी।

## एक नजर में

### 35 भारी माल वाहनों से वसूला 1,81,500 का जुर्माना



**नवभारत,जबलपुर।** परिवहन आयुक्त उमेश जोगा के निर्देशानुसार आरटीओ संभागीय परिवहन उड़नदस्ता जबलपुर द्वारा अवैध माल परिवहन एवं नियम उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बिना वैध परमिट माल परिवहन करते पाए गए ट्रक क्रमांक यूपी 63 बीटी 6262 को जब्त किया गया। वाहन मालिक द्वारा 31,000 रुपए राजस्व जमा किए जाने के उपरांत वाहन को नियमानुसार रिलीज किया गया। उक्त विशेष अभियान के दौरान उड़नदस्ता टीम द्वारा कुल 35 भारी माल वाहनों पर कार्यवाही करते हुए लगभग 1,81,500 रूपये राजस्व वसूला गया। कार्यवाही के अंतर्गत 5 वाहन चालक बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस वाहन चलाते पाए गए, वहीं एक वाहन बिना वैध प्रदूषण प्रमाणपत्र के संचालित होता मिला। इसके अतिरिक्त भारी मात्रा में ओवरलोड माल परिवहन कर रहे 3 ट्रेलरों पर भी चालानी कार्यवाही की गई। सम्भागीय उड़न दस्ता प्रभारी विक्रम सिंह ठाकुर ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा एवं परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध आगे भी लगातार सख्त कार्यवाही जारी रहेगी।

### केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू का आगमन आज

**जबलपुर, 23 मई।** केन्द्र सरकार के आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू का रविवार 24 मई को सुबह 4.15 बजे रेल मार्ग द्वारा जबलपुर आगमन होगा। श्री साहू रेल्वेस स्टोशन से सीधे सर्किट हाउस पहुंचेंगे तथा सुबह 9 बजे से स्मालर्ट सिटी, स्वसच्छ भारत मिशन, अमृत एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों का स्थहल निरीक्षण करेंगे। केन्द्री य राज्यू मंत्री सुबह 11 बजे अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में शामिल होंगे तथा दोपहर 2 बजे से जबलपुर स्माभर्ट सिटी, स्वणच्छै भारत मिशन शहरी, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं अमृत योजना के कार्यों की समीक्षा बैठक लेंगे। श्री साहू शाम 4.15 बजे भेड़ाघाट जायेंगे तथा शाम 5.30 बजे भेड़ाघाट से जबलपुर एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे।

### व्यस्ततम चौराहों पर फिर लगें 'हरामेट'

**नवभारत, जबलपुर।** नगर में लगातार बढ़ते तापमान और तेज धूप के कारण आमजन का जीवन प्रभावित हो रहा है। विशेष रूप से शहर के व्यस्ततम चौराहों पर यातायात सिग्नल के दौरान रुकने वाले वाहन चालकों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। इसे देखते हुए कायस्थ महासभा चित्रगुप्त महाराज सेवा ट्रस्ट ने नगर निगम प्रशासन से पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी प्रमुख चौराहों पर 'हरामेट' (छायादार शेड) लगाने की मांग की है। ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने कहा कि दोपहर के समय चौराहों पर सिग्नल के दौरान वाहन चालक तेज धूप और लू के कारण परेशान हो रहे हैं। यदि चौराहों पर हरामेट लगाए जाते हैं तो लोगों को गर्मी से काफी राहत मिलेगी तथा यह जनहित का कार्य साबित होगा। इस मांग को लेकर सहेन्द्र श्रीवास्तव, अमेन्द्र नारायण श्रीवास्तव, पियूष वर्मा, संतोष श्रीवास्तव, डॉ. विनोद श्रीवास्तव, अखिलेश ब्यौहार, चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, प्रमोद वर्मा, विवेक श्रीवास्तव एवं सचिन खरे ने नगर निगम प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की अपील की है।

जेवरात की पॉलिश को लेकर विवाद

# व्यापारी को जान से मारने की धमकी, हिरासत में आरोपी

**जबलपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत सराफा बाजार में जेवरात की पॉलिश को लेकर शुरू हुआ एक मामूली विवाद अब बेहद गंभीर मोड़ ले चुका है। इस घटना के बाद से पूरे सराफा बाजार के व्यापारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है और क्षेत्र में तनाव का माहौल निर्मित हो गया है। विवाद इस कदर बढ़ गया कि एक पक्ष द्वारा फोन और सोशल मीडिया के जरिए अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए पीड़ित व्यापारी को जान से मारने की धमकी तक दे डाली गई। घटना से आक्रोशित सराफा व्यापारियों ने एकजुटता दिखाते हुए शनिवार की सुबह आरोपी युवक के दुकान पहुंचते ही उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

यह पूरा मामला मुख्य रूप से जेवरात की पॉलिश की गुणवत्ता को लेकर शुरू हुआ था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना की शुरुआत बीते 21 मई की रात करीब 9:30 बजे के आसपास हुई, जब सराफा बाजार में काम करने वाले दीपक साहू और एक अन्य समुदाय के कारीगर युवक के बीच काम की क्वालिटी को लेकर बहस शुरू हो गई। शुरुआती तौर पर दोनों पक्षों के बीच तीखी कहासुनी हुई, लेकिन उस समय वहां मौजूद अन्य लोगों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हो गया था और दोनों पक्ष अपने-अपने घर चले गए थे। लेकिन यह शांति ज्यादा देर तक नहीं टिक सकी और रात होते-होते इस मामूली विवाद ने एक खतरनाक रूप अख्तियार कर लिया। पीड़ित सराफा व्यापारी दीपक साहू का आरोप है कि दुकान बंद कर घर लौटने के बाद रात में आरोपी युवक ने उनके फोन पर कॉल किया और फोन उठाते ही गंदी-गंदी गालियां देना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं, आरोपी ने इसके बाद व्हाट्सएप पर कई आपत्तिजनक ऑडियो मैसेज और वॉयस नोट्स भेजे, जिसमें पीड़ित के खिलाफ बेहद अभद्र और अमर्यादित टिप्पणियां की गई थीं। इन संदेशों में आरोपी ने पीड़ित व्यापारी को सीधे तौर पर जान से मारने की धमकी भी दी थी। रातभर चले इस मानसिक उत्पीड़न और धमकी भरे संदेशों के बाद पीड़ित और उसका परिवार बेहद डर गया। सुबह होते ही यह कथित ऑडियो और वीडियो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो गया।

### आरोपी के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज की

इस घटना के विरोध में पीड़ित पक्ष ने शुक्रवार की सुबह ही कोतवाली थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ नामजद लिखित शिकायत दर्ज कराई थी और पुलिस से सुरक्षा की मांग की थी। वहीं, शनिवार सुबह जैसे ही आरोपी युवक रोज की तरह सराफा बाजार स्थित दुकान पर काम करने पहुंचा, वहां पहले से ही मुस्तैद व्यापारियों ने उसे घेर लिया। व्यापारियों ने तुरंत इसकी सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और व्यापारियों की मदद से आरोपी को हिरासत में लेकर थाने रवाना किया। इस घटना के बाद सराफा एसोसिएशन और स्थानीय व्यापारियों ने जिला प्रशासन और पुलिस से यह मांग की है कि सराफा बाजार में काम करने वाले सभी बाहरी कारीगरों का पुलिस सत्यापन यानी वेरिफिकेशन अनिवार्य किया जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। फिलहाल, कोतवाली थाना पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर मामले की विस्तृत जांच और कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

# कलेक्टर ने सिहोरा-मझोली के डबल लॉक केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**.जबलपुर।** खरीफ सीजन की तैयारियों को लेकर कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशनुसार शनिवार को उप संचालक कृषि उमेश कुमार कटहरे एवं जिला विपणन अधिकारी ने संयुक्त रूप से सिहोरा और मझोली स्थित रासायनिक उर्वरक डबल लॉक केंद्रों एवं गोदामों का औचक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान विक्रय केंद्रों पर किसानों की सुविधाओं की समीक्षा की गई तथा निर्देश दिए गए कि तपती धूप और गर्मी को देखते हुए केंद्रों पर किसानों के बैठने के लिए शेड और ठंडे पानी की पुख्ता व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले में किसानों की आवश्यकता के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। वर्तमान में कुल 37 हजार 778 मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरक का स्टॉक गोदामों में सुरक्षित है।

### ई-विकास प्रणाली से मिलेगा खाद

उप संचालक श्री कटहरे ने किसानों से अपील की है कि वे आगामी खरीफ फसलों की मांग के अनुसार शीघ्र ही नजदीकी विक्रय केंद्रों से उर्वरक का क्रय कर लें। इससे जिले के गोदाम समय पर खाली हो सकेंगे, जिससे आगामी दिनों में रेलवे रैक के माध्यम से लगातार नई खाद की खेप जिले को प्राप्त होती रहे। उन्होंने बताया कि इस बार किसान पहली बार 'ई - विकास प्रणाली' के माध्यम से डिजिटल टोकन जारी करवाकर एक बार में ही फसल के लिए अनुशंसित पूरी खाद ले सकते हैं। उप संचालक कृषि ने किसानों से आग्रह किया है कि फसलों की अच्छी पैदावार और भूमि की उर्वरा शक्ति बनाए रखने के लिए एनपीके (नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश) को प्राथमिकता दें।

कार्यक्रम | रोजगार मेले में 201 युवाओं को मिले नियुक्ति पत्र, देश के 47 स्थानों पर आयोजित किया गया रोजगार मेला

# विकसित भारत निर्माण में युवाओं की भूमिका अहम : डॉ. कुमार

**जबलपुर।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेन्द्र कुमार ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ रहा है और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं।

मदन महल स्थित कमेटी हॉल में आयोजित 19वें रोजगार मेले में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री डॉ. कुमार ने कहा कि अब तक देशभर में आयोजित रोजगार मेलों के माध्यम से 11.39 लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि आज देश के 47 स्थानों पर आयोजित रोजगार मेले में रेलवे, बैंकिंग, पोस्टल सहित विभिन्न विभागों में 51 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी सेवा के लिए नियुक्ति पत्र




प्रदान किए गए। जबलपुर में 201 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।

### केवल नौकरी पाने तक सीमित नहीं रहे युवा

उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे केवल नौकरी पाने तक सीमित नही रहे, बल्कि राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दें। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, कौशल विकास और स्टार्टअप इंडिया जैसी योजनाओं ने युवाओं को नई संभावनाएं प्रदान की हैं।कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मिक, सांसद आशीष दुबे, विधायक अजय विश्नोई, विधायक अशोक रोहाणी एवं विधायक डॉ. अभिलाष पांडेसहित रेलवे, बैंकिंग और पोस्टल विभाग के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

### 390 नए विश्वविद्यालय स्थापित किए गए

शिक्षा और चिकित्सा क्षेत्र में हुए विस्तार का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद देश में 7 नए आईआईटी, 16 ट्रिपल आईटी, 7 आईआईएम, 15 एम्स और 390 नए विश्वविद्यालय स्थापित किए गए हैं। मेडिकल शिक्षा में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है तथा मेडिकल सीटों की संख्या 80 हजार से बढ़कर 1.70 लाख से अधिक हो गई है।



### ई रिक्शा से पहुचें केंद्रीय मंत्री

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेन्द्र कुमार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डीजल, पेट्रोल बचाव के आव्हान पर शनिवार 23 मई को सर्किट हाऊस से मदन महल उत्सव कम्यूनिटी हॉल तक ई-रिक्शा से पहुंचे। मदन महल स्थित कमेटी हॉल में आयोजित 19वें रोजगार मेले में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री डॉ. कुमार ने कहा कि अब तक देशभर में आयोजित रोजगार मेलों के माध्यम से 11.39 लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जा चुके हैं।